तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025


10 बच्चे होनहार बनें और माता-पिता, गुरु के चरणों में गौरवमय ...


09 जिपं सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 की प्रत्याशी माया ...



# मतगणना के लिए सभी तैयारी पूर्ण, सुबह 8 बजे से होगी गिनती

हरिभूमि ▶▶ बालोद

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के 8 नगरीय निकायों में विगत 11 फरवरी को हुए मतदान के पश्चात कल शनिवार 15 फरवरी को मतगणना हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी नगरीय निकायों में मतगणना हेतु मतगणना कक्ष निर्धारित कर लिया गया है। इन सभी मतगणना केन्द्रों में सुबह 9 बजे से मतगणना कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा मतगणना प्रारंभ कर दी जाएगी। मतगणना का कार्य समय पर सुनिश्चित करने सभी संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों को मतगणना तिथि को सुबह 8 बजे से मतगणना स्थल में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी 8 नगरीय निकायों में मतगणना के लिए काउंटिंग हॉल निर्धारित कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। इसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालोद के मतगणना हेतु नवीन टाउन हॉल में मतगणना स्थल बनाया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में बीएसपी उमावि क्र.-2, नगर पंचायत गुरुर में डारेन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय, नगर पंचायत गुण्डरदेही में शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, नगर पंचायत डौंडीलोहारा में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नगर पंचायत डौंडी में सांस्कृतिक भवन, नगर पंचायत ▶▶ शेष पेज 09 पर

## बालोद की मतगणना नवीन टाउन हॉल में होगी, निर्धारित समय से पहले पहुंचें अधिकारी-कर्मचारी



### निष्पक्ष मतगणना करें

जिले में मतगणना के कार्य को त्रुटिरहित ढंग से एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने मास्टर ट्रेनर्स द्वारा समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण में मतगणना कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों को ईवीएम के माध्यम से काउंटिंग की संपूर्ण प्रक्रिया, मतगणना सुपरवाईजर के कार्य, ईवीएम मशीन के गणना टेबल में पहुंचने के बाद मशीनों को खोलने एवं अन्य सभी प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है। इसके साथ ही गणना सुपरवाइजर द्वारा भरे जाने वाले गणना परिणाम पत्रक मतपत्र के लेखा भाग–2 एवं 21(क) के भरने की प्रक्रिया और मतदान अधिकारियों को आवश्यकता पड़ने पर पुर्नगणना की प्रक्रिया के संबंध में भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा परिणामों के ऐलान आदि सभी प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### स्कूटी चोरी का नहीं मिल रहा सुराग



डौडीलोहारा। दो दिन पूर्व चोरी हुई स्कूटी का अभी तक सुराग नहीं मिला है, जिसकी रिपोर्ट थाना डौंडीलोहारा में की गई है। स्कूटी हीरो डुएट क्रमांक सीजी 24 के 8107 ग्राम सिवनी से 12 फरवरी को शाम 4 बजे चोरी हो गई है, जो की डौंडीलोहारा निवासी लोकेश सिन्हा की है। उनके पिताजी सुंदर सिन्हा ग्राम सिवनी में मकान बनवा रहे हैं, जहां पर उनका आना जाना लगा रहता है। वह स्कूटी खड़ी कर शाम 4.30 बजे शौच के लिए गया था, वापस आने पर स्कूटी गायब मिली।

### जन्तु विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 17 को

गुरूर। स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में बीएससी द्वितीय वर्ष के नियमित एवं प्रायवेट छात्र छात्राओं के जन्तु विज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा 17 फरवरी को प्रातः 8 बजे से आयोजित की गई है। प्राचार्य प्रो. केएल रावटे ने बताया छात्र-छात्राओं को प्रायोगिक फाइल एवं आवश्यक सामग्री के साथ समय पर महाविद्यालय में उपस्थित होना है। अनुपस्थित रहने पर स्वयं छात्र की जिम्मेदारी होगी।

### बोर्ड परीक्षा केंद्रों में पहुंचेगा उड़नदस्ता दल


बालोद। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कक्षा 10वीं तथा 12वीं के हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षाओं के अंतर्गत शारीरिक प्रशिक्षण, पत्रोपाधि मुख्य परीक्षा 1 मार्च से 28 मार्च के मध्य आयोजित होगी। जिले में उक्त परीक्षाओं के संपादन तथा केन्द्र निर्धारण, गोपनीय सामग्री का परिवहन, वितरण, परीक्षा के दौरान केन्द्रों में उड़नदस्ता दल भेजने एवं मूल्यांकन आदि कार्य के लिए अपर कलेक्टर अजय कुमार लकड़ा बालोद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर लगेगा प्रतिबंध

बालोद। छत्तीसगढ़ षष्टम विधानसभा का पंचम सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च तक आहूत किया गया है। इसके अंतर्गत विधानसभा पंचम सत्र के दौरान अधिकारी–कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिंबध रहेगा। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि विधानसभा के पंचम सत्र के दौरान वांछित जानकारी शासन को यथा शीघ्र समयावधि में भेजने अधिकारी–कर्मचारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विधानसभा पंचम सत्र 2025 के दौरान कलेक्टर के बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न ही मुख्यालय से बाहर रहेंगे। इसके साथ ही कार्यालय में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करते हुए उनके नाम, पदनाम, दूरभाष एवं मोबाइल नंबर की जानकारी इस कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## समस्या: ग्रीष्मकालीन धान फसल के लिए इस समय जरूरी है खाद डालना

# किसानों को नहीं मिल रही खाद, महंगे दामों में बाजार से यूरिया खरीदने को हो रहे मजबूर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

समितियों में यूरिया खाद न मिलने के कारण जिले के किसानों को फसल को सही पोषक तत्व के साथ अधिक उत्पादन पाने के लिए महंगे दामों में प्राइवेट दुकानों से यूरिया खाद खरीदना पड़ रहा है। जिले में किसानों द्वारा ग्रीष्मकाल में धान की फसल लगाई गई है।जिसके तहत धान की फसल के लिए किसानों को खाद के लिए समितियों में भटकने को मजबूर है।

जिले में किसानों द्वारा धान की फसल के तहत रोपाई और छिड़काव के माध्यम से धान की बुआई की गई है। जिसके तहत वर्तमान मे धान की बुआई पूर्ण हो चुकी है। बुआई पूर्ण होने के बाद अब किसानों को धान की सही



किसान

■ यूरिया नहीं मिलने पर उत्पादन व क्वालिटी पर पड़ सकता है फर्क

पैदावार के साथ फसल को अच्छा विकसित करने के लिए खाद की जरूरत है। सही समय में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिसके कारण किसानों को समितियों की जगह प्राइवेट दुकानों में खाद महंगे दामों पर खरीदनी पड़ रही है। ग्राम तरौद व नेवारीकला निवासी राजू निशाद, पूरन मानिकपुरी, झिरकू मण्डावी, झम्मन निशाद ने बताया कि धान की बुआई व रोपाई के बाद खेतों में खाद के तहत राखड़, डीएपी की छिड़काव बुआई के शुरूवाती दिनों में की जा चुकी है। किन अब बुआई के 15 दिनों बाद फसल को और विकसित करने के लिए सबसे जरूरी यूरिया की रहती है जो समितियो में उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिसके कारण हमें खेतों में वर्तमान में यूरिया का छिड़काव करना बहुत आवश्यक है। वर्तमान में अभी 15 दिनों के अंदर यूरिया का छिड़काव न होने पर आगे फसल कमजोर होने का डर बना रहता है। किसान सोसायटियों में यूरिया न मिलने से अब प्राइवेट दुकानों से यूरिया खाद महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर है। शिकायत के बावजूद किसानों को खाद के लिए हो रही दिक्कतों पर संबंधितों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### जिस खाद की वर्तमान में जरुरत नहीं, वह मिल रही

किसानों ने बताया कि वर्तमान में खाद के तहत राखड़, डीएपी समितियों में तो उपलब्ध है ,लेकिन वर्तमान में इसकी जरुरत नहीं है। इसकी जगह वर्तमान में यूरिया की जरुरत है जिसको लेकर जब समितियों में हम जानकारी लेने जा रहे हैं तो वहां खाद नहीं होने की बात कही जा रही है। जिसके कारण हमें समितियों में 300 में मिलने वाली यूरिया खाद को प्राइवेट दुकानों में 500 से लेकर 600 में खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### आवश्यक खाद नहीं मिल रही

किसानों ने बताया कि कीटनाशक दवाइयों के दामों में वृद्धि हो गई है। ऐसे में सस्तेदाम पर सिर्फ शासन प्रशासन द्वारा समितियों के माध्यम से सिर्फ खाद ही उपलब्ध कराया जाता है। शासन प्रशासन वर्तमान में आवश्यक खाद भी सही ढंग से उपलब्ध नहीं करा पा रही है। जिसके कारण यूरिया खाद को भी महंगे दामों में खरीदना पड़ रहा है।

## महिला ने फांसी लगाकर अरौद में की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम अरौद में एक विधवा महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार सुबह सोहद्रा बाई नामक महिला ने अपनी तीनों बेटियों को स्कूल भेजा, वहीं जब घर में कोई नहीं था तो कीचन में फंदे पर लटक गई।



दोपहर में जब बेटियां भोजन करने घर लौटी तो अपनी मां को फंदे पर झूलता देख घबरा गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने पंचनामा बनाकर जांच की गई। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सोहद्रा बाई कंधे और गले की दर्द से परेशान थी। इलाज जारी था, लेकिन उसे राहत नहीं मिल रही थी। वहीं तीन साल पहले मृतिका के पति किशोरी राम साहू की ईंट भट्टे में काम करने के दौरान हार्ट अटैक से मौत हुई थी। इसके बाद से वह अपनी बेटियों का सहारा बनने की कोशिश करती रही, लेकिन सोहद्रा का स्वास्थ्य साथ नहीं दे रहा था। मृतिका की बेटियां 7वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ती है। सास-ससुर भी खेती, किसानी और मजदूरी करते हैं।

### मेले में पर्यटक के साथ मारपीट चार के खिलाफ अपराध दर्ज

बालोद। चौरेल मेला को देखने पहुंचे डुण्डेरा निवासी दिलवाले नेताम को तीन चार लोगों ने हाथ मुक्का और डण्डा से पिटा है। जिससे दिलवाले नेताम को चोंट भी आई है। पीड़ित दिलवाले नेताम ने बताया कि वो 12 फरवरी को चौरेल मेला देखने रात में चौरेल आया। वो पुल पर खड़ा था, उसी समय तीन-चार लोग आये और म गाली देने का आरोप लगाकर तीन-चार अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की। प्राथी की रिपोर्ट पर अर्जुन्दा थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पैसों के लेनदेन पर ग्रामीणों के बीच मारपीट

बालोद। ग्राम बोरतरा में पैसों की लेनदेन को लेकर चार लोगों के बीच मारपीट हुई है। ग्राम बोरतरा निवासी नीलम साहू ने बताया कि 11 फरवरी को रात मेरे घर के सामने ग्राम छेड़िया का भीषम लाल, मेघलाल व उनके एक साथी मेरे लड़के विकास के साथ पैसे के लेनदेन की बात को लेकर गाली-गलौच और मारपीट की है। जिस संबंध में गुरुर थाने में तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया है।

## कूड़ेदान में नहीं, खुले में लोग फेंक रहे कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में स्वच्छता अभियान के तहत प्रत्येक घरों से स्वच्छता दीदीयों के साथ स्वच्छता गाड़ियों के माध्यम से सालों से सुबह घरों से कचरा संग्रहण व चौक-चौराहों की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है तथा लोगों को यू ही खुले में कचरा न फेकने के लिए कूड़ेदान भी प्रदान किया गया है, लेकिन जिला मुख्यालय में लोगों द्वारा स्वच्छता को अपने स्वभाव में अपनाने के जगह खुले में कचरे फेकते आज भी देखा जा सकता है। जिसे पशुओं द्वारा अपना आहार बनाया जा रहा है।

■ घर-घर पहुंच रही स्वच्छता गाड़ियों में भी नहीं दे रहे

जिला मुख्यालय से प्रारंभ हुई स्वच्छता की पहल वैसे तो जिला मुख्यालय से निकलकर अब जिले के ग्रामों में पहुंच चुकी है, लेकिन जिला मुख्यालय में कुछ सालों से प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को अभी भी जिला मुख्यालय के लोगों द्वारा सहयोग करने की जगह उसमें लापरवाही बरतते हुए खुले में कचरा फेके जा रहे हैं, जिससे जिला मुख्यालयों के चौक-चौराहों के साथ गली मोहल्लों में लोगों द्वारा फेक गए कूड़े करकट को आसानी से देखा जा सकता है। जिसे नगर की सड़क में घुम रहे पशुओं द्वारा अपना आहार बनाया जा रहा है।





जिला मुख्यालय में जहां स्वच्छता के तहत बरसात, कपकपाती ठंड व गर्मी के दिनों में चाहे कैसा भी मौसम हो स्वच्छता दीदीयों के साथ स्वच्छता गाड़ी चलाने वाले प्रातः सीटीयां बजाते, स्वच्छता के गाने चलाते जिला मुख्यालय के गली मोहल्लों में लोगों के घरों से कचरा संग्रहण के लिए निकल पड़ते हैं, ताकी नगर में स्वच्छता बनी रहे और नगर के लोगों को गंदगियों का सामना न करना पड़े, जहां सिटी बजाते हुए घर घर पहुंचकर कचरा संग्रहण करने के साथ चौक चौराहों में फैली गंदगियों में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी नगर के लोगों द्वारा स्वच्छता को अपने स्वभाव में लाकर स्वच्छता कर्मियों का सहयोग करने के जगह अब भी लापरवाही बरतते हुए कचरे फेक दिया जा रहा है। नगर में प्रशासन द्वारा कई चौक चौराहों में गिला व सूखा कचरा के लिए कूड़ादान लगाये जाने के साथ सार्वजनिक जगहों में कूड़ादान रखने का काम भी किया गया था, लेकिन प्रशासन द्वारा चौक चौराहों में लगाए गए कूड़ेदान अब नजर नहीं आते व असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ फोड़ करने पर भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जिसके कारण चौक-चौराहों में कूड़ेदान नहीं होने के कारण लोग कूड़े करकट खुले में फेक देते हैं।

## बीएसपी क्वार्टर में बड़ी चोरी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बीएसपी दल्ली माइंस में फोर मेन के क्वाटर में नगदी रकम समेत लगभग 41,000 रूपए के चांदी के आभूषण और अन्य समानों की चोरी हुई है। मामले में राजहरा थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्रार्थी वेंकटेश्वर कुमार महिलांगे ने बताया कि वो बीएसपी दल्लीराजहरा के दल्ली माइंस में फोर मेन के पद पर कार्यरत है, उसे बीएसपी माइंस द्वारा रहने के लिये वार्ड क्रमांक 7 बीएसपी क्वाटर दिया गया है। जिसमें वो परिवार के साथ निवासरत है, विगत 6 माह पूर्व उसका प्रमोशन माइंस फोर मेन से जुनियर मैनेजर के पद पर प्रमोशन देकर उसका ट्रांसफर बिलासपुर में हुआ है। तब से वो बिलासपुर में नौकरी कर रहा है, वहीं उसका परिवार विगत एक वर्ष



■ नकदी सहित चांदी के आभूषण ले उड़े शातिर चोर

से परिवारिक मेडिकल के कारणों से भिलाई बीएसपी क्वाटर में निवासरत हैं । घर गृहस्थी का सामान राजहरा क्वाटर में रखा हुआ है परिवार वालों का राजहरा वाले मकान में आना जाना लगा रहता है, उसके घर के आंगन में लगे पौधों में पानी डालने एवं साफ सफाई करने के लिये राजहरा के लोकनाथ मांझी को रखा है। वहीं 12 फरवरी को पत्नी हेमलता ने फोन कर बताया कि लोकनाथ मांझी ने बताया कि राजहरा क्वाटर में चोरी हो गई है, क्वाटर में जाकर देखा तो घर के सामने के दरवाजा के कुण्डा व अंदर दरवाजा का कुण्डा टूटा हुआ था घर के बेडरूम, हाल, पलंग व आलमारी मे रखे सामान अस्त व्यस्त हालत में पड़ा हुआ था।

तब वेंकटेश्वर ने घर के आलमारी के लाकर को देखा तो आलमारी का ताला टूटा हुआ था, आलमारी के लॉकर को देखा तो वहां अलग अलग पर्स में रखी करीबन 22,000 रूपए और पर्स में रखे एक जोड़ी चांदी का कड़ा, एक नग घड़ी, एक टाइटन घड़ी, मोती माला सेट, चांदी का पूजा सेट, प्लास्टिक का गुल्लक में रखे कुल 500 रूपए, 5 पुराने चांदी के सिक्के, एक नग कांसे की पूजा की थाली और एवं उसके परिवार की वोटर आईडी और गुड लाईफ कार्ड भी नहीं था।

## ग्राम का नाम बदलने पर लगी रोक

बालोद। लोकनिर्माण विभाग ने पेवरो गांव का नाम बदलकर कर पेवरी गांव का नाम कर दिया गया था। जिसे हरिभूमि ने प्रमुखता से अखबार में प्रकाशित किया। इसके बाद विभागीय टीम के द्वारा बोर्ड में गांव का नाम सुधार दिया है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए गांव-गांव में जाबो कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्थानों में नियमित रूप से मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

■ अधिकारियों ने शत-प्रतिशत मतदान की दिलायी शपथ

इसके अंतर्गत आज गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम कचान्दुर में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'जाबो' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने उपस्थित लोगों को त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, स्व–सहायता समूहों की महिलाओं एवं स्कूली बच्चों को आगामी त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को शत प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग हेतु प्रेरित कर देश के लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के पूनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की। इस अवसर पर डॉ. कन्नौजे ने ग्रामीणों एवं उपस्थित लोगों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार के महत्व के संबंध में भी जानकारी दी। 'जाबो' कार्यक्रम के अवसर पर स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं स्कूली बच्चों के द्वारा जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल में आकर्षक रंगोली बनाकर आम जनता को मतदाता ▶▶ शेष पेज 09 पर



जन्मदिन उत्सव
आज अंतिम दिन
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, जिसे जमा करने की आज अंतिम तिथि है, पाठक अपना फार्मेट अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### माशिम कल से दूर करेगा छात्रों का तनाव

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हेल्पलाइन 15 फरवरी से प्रारंभ होगी। हाईस्कूल-हायर सेकंडरी सहित व्यावसायिक परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे विद्यार्थियों को इसके माध्यम से टिप्स दिए जाएंगे। उन्हें तनाव प्रबंधन सिखाने के साथ ही संबंधित विषयों को लेकर भी टिप्स मिलेंगे। विद्यार्थी और शिक्षक के साथ अभिभावक भी प्रातः 10:30 से दोपहर बजे तक हेल्पलाइन में मंडल के टोल फ्री नम्बर 18002334363 पर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। 15 से 27 फरवरी तक अलग-अलग विषयों जैसे- अंग्रेजी, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, विज्ञान, जीव विज्ञान, लेखाशास्त्र सहित अन्य विषयों के विषेषज्ञों द्वारा संबंधित विषयों की कठिनाई को दूर करेंगे। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ प्रतिदिन मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक अभिप्रेरक व मंडल के अधिकारी रविवार के दिनों में भी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहेंगे। वे परीक्षार्थियों के परीक्षा-भय और परीक्षा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण कर परामर्श देंगे। द्वितीय चरण का हेल्पलाइन का संचालन 28 फरवरी से 27 मार्च तक होगा। इसमें आगामी दिवस को होने वाली विषय की परीक्षा से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। हेल्पलाइन का संचालन उपसचिव जेके अग्रवाल के मार्गदर्शन में होगा।

### मातृ-पितृ पूजन दिवस पर भंडारा श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**रायपुर।** योग वेदांत सेवा समिति द्वारा मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन के सामने भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे गुरु वंदना से हुई। इसके बाद मंगल आरती कर भण्डारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें आम नागरिकों को हलवा, पुलाव, कढ़ी का वितरण किया गया। इसके अलावा मातृ-पितृ पूजन साहित्य का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ ऋषि प्रसाद, प्रभाकर भाई, रामदयाल पाटीदार, महेश बृजवानी, रामनारायण साहू, जगदीश पंजवानी, रवि कुकरेजा, महिला उत्थान मण्डल की बहनें एवं बड़ी संख्या में सेवादार उपस्थित थे ।

### मदकूद्वीप मेले में नई मेला कार्यकारिणी का चुनाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बैतलपुर के पास शिवनाथ नदी के मनोरम द्वीप पर इस वर्ष 116वां राष्ट्रीय मदकूद्वीप मसीही मेला हुआ। वर्ष 2026 में मेले की संभावित तिथि 2 से 8 फरवरी है।



प्रधान वक्ता प्रयागराज के डॉ. जस्टीन मसीह थे। उनके बाइबल संदेशों एवं मधुर भजनों से हजारों श्रद्धालुओं को आत्मिक लाभ मिला। मेले में छत्तीसगढ़ डायोसिस सीएनआई की प्रथम महिला बिशप डॉ. सुषमा कुमार एवं मेनोनाइट चर्च इन इंडिया धमतरी के मॉडरेटर बिशप एन. आशावान भी धार्मिक संस्कारों में शामिल हुए। मेला काउंसिल में नई मेला कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया गया। इसमें पास्टर अनुराग नथानिएल अध्यक्ष, पास्टर अर्पण तरुण उपाध्यक्ष, पास्टर शरद लाल सचिव, एए लूका कोषाध्यक्ष, मेला प्रबंधक बरनार्ड अरविंद प्रताप, सहायक प्रबंधक वीरेंद्र सारथी, अभिषेक शॉवल और पादरी समीर फ्रेंकलिन चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में जॉन राजेश पॉल ने चर्च ऑफ नार्थ इंडिया का प्रतिनिधित्व किया।

# एयरपोर्ट रात दस बजे हो जाता है बंद, लेकिन बार 24 घंटे चालू रखने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

## पहली बार एयरपोर्ट के लिए जारी होगा लाइसेंस, खाने के साथ पीने का भी होगा इंतजाम



छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रोज रात दस बजे बंद हो जाता है, लेकिन यहां अब दिन रात 24 घंटे शराबखाना (बार) चालू रखने की तैयारी है। दरअसल आबकारी विभाग ने रायपुर एयरपोर्ट पर शराब की उपलब्धता बनाए रखने के लिए विमानपत्तन बार लाइसेंस देने की तैयारी की है। हालांकि अभी लाइसेंस किसी को नहीं मिला है, लेकिन 2024-25 की शेष अवधि के लिए नवीन अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

छत्तीसगढ़ के किसी भी एयरपोर्ट पर अब तक शराब बेचने, पीने पिलाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। आबकारी प्रशासन से जुड़े अधिकारियों की मानें तो जिस तरह देश के दूसरे बड़े शहरों के एयरपोर्ट पर शराब की बिक्री की जाती है, उसी तरह यहां भी शराब बेचने के लिए लाइसेंस जारी किए जाने हैं। खास बात ये है कि देश के बड़े शहरों में 24 घंटे फ्लाइट की आवाजाही रहती है, इसलिए वहां दिन रात शराब बेची जाती है, लेकिन रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रात 10 बजे तक ही फ्लाइट होती है। इसके बाद एयरपोर्ट बंद हो जाता है, पर यहां भी सप्ताह के सात दिन 24 घंटे शराब बेचने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा।

### लाइसेंस के लिए होंगी ये शर्तें

रायपुर एयरपोर्ट पर एफएल 3 घ विमानपत्तन रेस्टोरेंय बार अनुज्ञप्ति एयरपोर्ट के अंदर स्थित ऐसे रेस्टोरेंट को दी जाएगी जिसके पास रेस्टोरेंट एवं बार संचालन के लिए एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया का अनापत्ति प्रमाणपत्र हो। यह रेस्टोरेंट भी ऐसी जगह होना चाहिए जहां एयरपोर्ट परिसर के भवन के अंदर स्थित रेस्टोरेंट में आगंतुकों, ग्राहकों को भोजन या हल्के भोजन के साथ परिसर में ही पीने के लिए शराब बेची जा सकेगी। खास बात ये है कि यह लायसेंस भोजन की सुविधा युक्त रेस्टोरेंट को ही मिलेगा।

### यहां 20 प्रतिशत अधिक कीमत पर मिलेगी शराब

एयरपोर्ट पर बिकने वाली शराब आम दुकानों के मुकाबले 20 प्रतिशत महंगी होगी। आबकारी विभाग के इस संबंध में बनाए गए नियम के मुताबिक लायसेंसधारी को शराब की खुली बोतले से फुटकर विक्रय के लिए विक्रय दर इस प्रकार निर्धारित होगी जो विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों से विक्रय की जाने वाली शराब से कम से कम 20 प्रतिशत अधिक होगी। एयरपोर्ट पर बिकने वाली शराब की हर बोतल पर बार संबंधित होलोग्राम शराब दुकान में ही अलग से बोतल पर निर्धारित स्थान पर चस्पा किए जाने के बाद ही दी जाएगी। होलोग्राम का रंग लाल होगा।

## प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के सालों पुराने डाक्यूमेंट इस तरह से किए जा रहे ऑनलाइन


# 15 से 20 मिनट में स्कैनिंग, पीडीएफ बनाने के बाद चंद मिनटों में रजिस्ट्री के सारे डाक्यूमेंट पोर्टल पर अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंजीयन विभाग के पोर्टल पर अब सालों पुरानी रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए शासन स्तर पर सभी जिलों के पंजीयन विभाग में वर्ष 2017 से लेकर घटते क्रम में 30 वर्ष पहले तक हुई रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग कराकर उसकी पीडीएफ फाइल बनाकर पोर्टल में अपलोड कराया जा रहा है, ताकि रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट सुरक्षित रखे जा सकें। हरिभूमि ने डाक्यूमेंट को किस तरह से स्कैनिंग कर पीडीएफ फाइल बनाई जा रही है और इसमें कितना समय लग रहा है, इसे जानने के लिए इसकी लाइव रिपोर्टिंग की। एक रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग करने में लगभग 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है, वहीं स्कैनिंग के बाद पीडीएफ फाइल बनाने में भी करीब 10 मिनट का समय लग रहा है। इस तरह एक रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग व पीडीएफ बनाने में लगभग आधे घंटे का समय लग रहा है।

पंजीयन विभाग के सभी कार्य को धीरे-धीरे ऑनलाइन किए जा रहा है। पहले ई-स्टाम्प को ऑनलाइन किया गया। इसके बाद प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री ऑनलाइन पद्धति से हो रही है। ऑनलाइन होने के बाद से रजिस्ट्री कराने के लिए अपॉइंटमेंट लेने के लिए भी आवेदक को प्रॉपर्टी के सारे डाक्यूमेंट सहित अपनी व गवाहों की आईडी को स्कैनिंग कर अपलोड करना पड़ रहा है। इसके बाद ही आवेदक का आवेदन स्वीकार कर उसे रजिस्ट्री की तारीख और समय दिया जा रहा है। ऑनलाइन के इस दौर में अब सालों पुरानी रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को सुरक्षित रखने के लिए भी उसे ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए वर्ष 2017 से घटते क्रम में पिछले 30 वर्षों के रजिस्ट्री हुई डाक्यूमेंट के रिकार्ड को पंजीयन विभाग के पोर्टल में ऑनलाइन किया जा रहा है। इस योजना का यह पहला चरण है, जिसमें 30 वर्षों के रिकार्ड को ऑनलाइन किया जाना है।

**लाइव रिपोर्टिंग**



### तेजी से किए जा रहे रिकार्ड ऑनलाइन

पंजीयन विभाग के रिकार्ड रूम में रखे रजिस्ट्री के दस्तावेजों को ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए दस्तावेजों को स्केनिंग करने के बाद पीडीएफ बनाकर पोर्टल में अपलोड किए जा रहे हैं। इससे सालों पुराने रिकार्ड सुरक्षित रहेंगे। अब तक वर्ष 2017 से घटते क्रम में 1997 तक के रिकार्ड ऑनलाइन किए जा चुके हैं।

**- विनोज कोचे, पंजीयक**
पंजीयन विभाग रायपुर

### वर्ष 2018 से ऑनलाइन रजिस्ट्री हो रही है, इसलिए इससे पहले के रिकार्ड किए जा रहे ऑनलाइन

पंजीयन विभाग में ऑनलाइन रजिस्ट्री वर्ष 2018 से शुरू किया गया है। हालांकि पहले आवेदक को रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन अपॉइटमेंट लेना पड़ता था, लेकिन डाक्यूमेंट स्केनिंग का काम पंजीयन विभाग के दफ्तर में ही किया जाता है। इसके कारण रजिस्ट्री में भी काफी समय लगता था, लेकिन अप्रैल 2024 से अब आवेदक को ऑनलाइन आवेदन के साथ सारे डाक्यूमेंट स्केनिंग कर अपलोड करना पड़ रहा है, जिसके बाद अब दफ्तर में कुछ मिनटों में ही रजिस्ट्री हो जा रही है।

### कैमरे की तरह क्लिक करते हो जाता है स्केन

डाक्यूमेंट को स्केन करने के लिए जिला पंचायत उप संचालक कार्यालय में डिजिटल कम्प्यूटराईज स्कैनिंग मशीन लगाई गई है। इस स्कैनिंग मशीन के नीचे डाक्यूमेंट को रखा जाता है और माउस से क्लिक करते हुए डाक्यूमेंट स्कैन होकर कम्प्यूटर पर दिखाई देता है। इस तरह एक रजिस्ट्री के सभी डाक्यूमेंट को स्कैनिंग कर उसे पहले कम्प्यूटर में सेवा किया जाता है, उसके बाद उसकी पीडीएफ फाइल बनाई जाती है। पीडीएफ फाइल बनाने के बाद डाटा को पोर्टल में ऑनलाइन अपलोड करने के लिए उसे विभाग को भेज दिया जाता है।

### नोएडा की कंपनी को मिला ठेका

स्कैनिंग कर पीडीएफ बनाने के लिए नोएडा की कंपनी को इसका ठेका मिला हुआ है। रायपुर में स्कैनिंग-पीडीएफ फाइल बनाने के इंचार्ज मनीष कुमार लाठिया ने बताया कि अभी स्केनिंग के लिए 3 कम्प्यूटराइज डिजिटल स्कैनिंग सिस्टम लगाए गए हैं। इस सिस्टम में एक ट्रेनिंग प्राप्त एवं दो ट्रेनिंग ले रही युवतियां काम कर रही है। उन्होंने बताया कि दो कम्प्यूटर स्केनिंग सिस्टम कुछ दिनों में और लगाए जाएंगे। इसके बाद स्कैनिंग और पीडीएफ बनाने के काम में और तेजी आएगी।

### वर्ष 1997 तक का डाटा हो चुके स्कैनिंग

*सूत्रों के अनुसार स्कैनिंग का काम पिछले दो-तीन साल से चल रहा है। इससे पहले इसका ठेका दूसरी कंपनी को मिला था। जिस कंपनी को इसका ठेका मिला था उसके द्वारा स्केनिंग की क्वालिटी सहीं नहीं थी, जिसके कारण उसका फंड को शासन स्तर पर रोक दिया गया था और बाद में ठेका निरस्त कर दिया। इसके कारण मार्च 2024 से नवंबर 2024 तक स्केनिंग का काम रुका रहा। दिसंबर 2024 से अब नोएडा की कंपनी को ठेका दिया गया है। मनीष लाठिया ने बताया कि उनकी कंपनी को रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर सहित अन्य जिलों में भी स्कैनिंग का काम मिला है। रायगढ़ जिले में स्कैनिंग का काम पूर्ण भी हो चुका है। रायपुर जिले में भी वर्ष 2017 से घटते क्रम में अब तक वर्ष 1997 तक के रिकार्ड स्कैनिंग हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि रायपुर जिले में वर्ष 1950 से पहले की रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट भी पंजीयन विभाग दफ्तर के रिकार्ड रूम में रखे हुए हैं। पुराने होने के कारण सालों पुराने कई रिकार्ड के कागज गल-फट गए हैं। समय के साथ रिकार्ड और खराब होते जा रहे हैं। ऐसे में इन रिकार्ड को भविष्य में ज्यादा समय तक सुरक्षित रखा जाना संभव नहीं है, साथ ही आग लगने या अन्य किसी कारण से भी रिकार्डों के नष्ट होने की आशंका बनी रहती है। पोर्टल में रिकार्डों के ऑनलाइन होने के बाद इसके नष्ट होने का डर भी हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।*

### वक्फ संशोधन विधेयक पर बोले बृजमोहन- यह कदम देशहित में

**रायपुर।** लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा, अब तक वक्फ बोर्ड के माध्यम से केवल जमीन का अतिक्रमण किया गया है। इस प्रक्रिया से गरीब अल्पसंख्यकों को कोई लाभ नहीं मिला है, बल्कि करोड़ों एकड़ जमीन पर अनधिकृत कब्जा कर लिया गया है, जो किसी उपयोग में भी नहीं आ रही है। श्री अग्रवाल ने कहा वक्फ बोर्ड के नाम पर बड़े पैमाने पर जमीनों का दुरुपयोग हुआ है और इससे वास्तविक जरूरतमंद लोग वंचित रह गए हैं। उन्होंने इस संशोधन विधेयक को न्यायोचित और जनहितकारी बताते हुए कहा कि इससे अनावश्यक अतिक्रमण पर रोक लगेगी और संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित होगा। श्री अग्रवाल ने कहा, केंद्र सरकार का यह कदम देशहित में है और इससे जमीनों के दुरुपयोग पर लगाम लगेगी।



### कल से कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रीय अभ्यास वर्ग

**रायपुर।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग पहली बार राजधानी रायपुर में 15 से देवपुरी मार्ग पर स्थित अभियंता भवन में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे। अभ्यास वर्ग का उद्घाटन छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल प्रदेश से आमंत्रित राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष विपन डोगरा तथा राष्ट्रीय महामंत्री विष्णु वर्मा भोपाल के संयोजन में होगा। राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री एके चेलक ने इस बात की जानकारी दी।

- दो दिवसीय आयोजन, देशभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे
- योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा करेंगे उद्घाटन

### भाजपा का सवाल- क्या पायलट दिग्विजय वीआईपी नहीं हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह सहित छत्तीसगढ़ के कई सांसद विधायकों के कुंभ जाने के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा, वीआईपी लोगों को कुंभ में नहीं जाना चाहिए, इस पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कांग्रेस से पूछा कि क्या कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट वीआईपी नहीं हैं क्या? ये सभी पिछले 24 घंटे में कुंभ में स्नान कर आए हैं और इनका जाना पूरे वीआईपी प्रोटोकॉल से हुआ है। श्री चिमनीनी ने कहा वास्तव में छत्तीसगढ़ कांग्रेस और भूपेश बघेल को इस बात की पीड़ा है कि विष्णुदेव साय सरकार में सभी जनप्रतिनिधियों को कुंभ के स्नान करने का अवसर मिल रहा है सनातन धर्म की जब जब बात आती है भूपेश बघेल इसके विरोध में खड़े दिखाई देते हैं, इससे पहले भी कई बार वह सनातन विरोधी बयान दे चुके हैं। बजरंग दल का भी मजाक बना चुके है।

वो खुद तो प्रयागराज गए नहीं तो कम से कम जो गए हैं उनके खिलाफ टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी। छत्तीसगढ़ से उनकी ही पार्टी से कई कांग्रेस विधायक भी कुंभ में स्नान करने गए तो क्या भूपेश बघेल उन्हें पार्टी से निकलवा देंगे या डीके शिवकुमार,सचिन पायलट, दिग्विजय सिंह का विरोध करेंगे।

### बजट सत्र होगा हंगामेदार, कानून व्यवस्था और निर्माण कार्यों पर लगे कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च तक चलेगा। सत्र में 17 बैठकें होंगी। सत्र के दौरान राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेगी। सत्र की बैठकों के लिए विधायकों ने सवाल लगाना शुरू कर दिया है। अब तक 1862 सवाल लगाए जा चुके हैं। अधिकतर विधायकों ने ऑनलाइन सवाल लगाए हैं। सवालों में 943 तारांकित और 871 अतारांकित सवाल लगाए गए हैं। कांग्रेस और भाजपा विधायकों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित मामले उठाए गए हैं। अधिसूचना जारी होने के बाद पिछले दो सप्ताह से सवाल लगाने का क्रम जारी है। विपक्ष के विधायकों ने कानून व्यवस्था, धर्मांतरण, नक्सल मुठभेड़, सड़क निर्माण में गड़बड़ी, दवा खरीदी, जल जीवन मिशन, किसानों से धान खरीदी, नगरीय प्रशासन विभाग में आडिट आपत्ति सहित कई अन्य मामलों में सवाल लगाए हैं। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच आ रहे सवालों को लेकर कहा जा रहा है कि इस दौरान तीखी बहस के दौरान हंगामे के आसार हैं। सत्र के दौरान पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण से सत्र का आगाज होगा। अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष को सरकार की नीतियों की आलोचना करने का अवसर मिलेगा। माना जा रहा है कि उसके बाद 28 फरवरी को बजट पेश किया जा सकता है। सत्र के दौरान प्रतिदिन होने वाले प्रश्नकाल के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक अपने सवालों का जवाब मांगेंगे।

#### विधायकों ने अब तक लगाए 1862 सवाल



### राजस्व वसूली समीक्षा के लिए उपायुक्तों को जोन का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार को राजस्व वसूली की समीक्षा के लिए उपायुक्तों को जोन का प्रभार दिया है। स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले शहर की सफाई व्यवस्था, निर्माण कार्य योजनाओं का समन्वय करने और राजस्व वसूली की समीक्षा के लिए जोन के प्रभारी अधिकारी का प्रशासनिक कार्य दायित्व दिया गया है।

शहर की सफाई व्यवस्था पर नजर रखने अब निगम के अपर आयुक्त, उपायुक्त जोन अधिकारी के साथ सड़क पर उतरेंगे। जोन भ्रमण कर वे स्थल पर समस्याओं का निराकरण भी करेंगे। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रायपुर शहर को केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार के निर्देश पर यह प्रशासनिक व्यवस्था दी है, जिसके अंतर्गत अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को जोन क्रमांक 2, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल को जोन 5, पंकज शर्मा को जोन 6 प्रभारी, विनोद पांडेय को जोन 3, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा जोन 9, जसदेव सिंह बाबरा जोन 1, प्रभारी उपायुक्त प्रीति सिंह जोन 8, प्रभारी उपायुक्त दिव्या चंद्रवंशी जोन 10, राजस्व अधिकारी क्षीरसागर नायक जोन 7 और निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव को जोन 4 के प्रभारी अधिकारी का प्रशासनिक दायित्व दिया गया है। जोन के प्रभारी अधिकारी प्रतिदिन संबंधित जोन का भ्रमण कर वहां की विशेष समस्या से नगर निगम आयुक्त को अवगत कराएंगे।

## सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी

# निकाय चुनाव की मतगणना आज, महापौर और अध्यक्ष के लिए गणना पहले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में महापौर, नगर पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए मतदान की प्रक्रिया होने के बाद ईवीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। अब 15 फरवरी को गणना के समय इसे खोला जाएगा। मतगणना सभी जिला मुख्यालयों में होगी। मतगणना में सबसे पहले महापौर, नगर पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद की गणना की जाएगी। वार्ड वार होने वाली गणना पूरी होने के बाद पार्षद पद की गणना शुरू होगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि गणना रिटर्निंग अधिकारी के टेबल पर की जायेगी। गणना सबसे पहले महापौर/अध्यक्ष पद के लिए और उसके बाद क्रमशः वार्डवार की जायेगी। मतपत्र खोले जाने के समय अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सारी कार्रवाई होगी। बताया गया कि एक वार्ड के सभी मतदान केन्द्रों की मतगणना एक ही टेबल पर होगी। मतदान केन्द्रों की संख्या अधिक होने पर आयोग की अनुमति से अधिकतम दो टेबल लगाये जा सकते हैं। परंतु एक-एक कर मतदान केन्द्रवार ही मतगणना होगी, न कि सभी मशीनें एक साथ गणना में शामिल की जायेंगी। यदि किसी मतदान केन्द्र पर मतदान के दौरान मशीन बदली गयी हो तो उस केन्द्र की सभी मशीनें एक ही चक्र में गिनी जायेंगी। यदि किसी मतदान केंद्र पर एक से अधिक ईवीएम का उपयोग किया गया है, तो संबंधित राउंड में सभी मशीनें सीपीयू एक साथ दी जाएगी और उसी राउंड में गणना की जाएगी। किसी भी स्थिति में एक राउंड की सभी मशीनें हटाये जाने के बाद ही अगले राउंड की मशीनें गणना के लिए लायी जाएंगी।

#### मतगणना पूर्व तैयारियों को लेकर आयुक्त ने ली बैठक




### कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारियों से चर्चा कर तैयारियों की जानकारी ली। बैठक में मतगणना प्रक्रिया की बारीकियों, सुरक्षा प्रबंधन, तकनीकी सहयोग और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर गहन चर्चा हुई। राज्य निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मतगणना प्रक्रिया को किसी भी प्रकार की बाधा से मुक्त रखा जाए और निष्पक्षता को प्राथमिकता दी जाए।

### रायपुर के 70 वार्ड में 104 टेबल लगाए जाएंगे

रायपुर नगर निगम में 70 वार्ड के मतों की गिनती के लिए 104 टेबल लगाए गए हैं। वहीं डाक मतपत्र के लिए 10 टेबल लगाए जाएंगे। महापौर पद की गिनती दस राउंड में पूरी होने का अनुमान है। रायपुर में नतीजों का रुझान दोपहर तक स्पष्ट हो जाएगा। शाम तक नतीजों की घोषणा हो जाएगी।

### यादव समाज का परिचय सम्मेलन 16 को सम्मान समारोह भी

**रायपुर।** छग यादव समाज द्वारा राज्य स्तरीय यादव युवक–युवती परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह, सामाजिक आदर्श सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन 16 फरवरी रविवार को शहीद स्मारक भवन राज टॉकिज के पास आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में छग के अलावा अन्य प्रदेशों से भी यादव युवक, युवती, बुजुर्ग, समाज प्रमुख उपस्थिति दर्ज कराएंगे तथा इस परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य युवा, परित्यक्ता, विधवा, विधुर, दिव्यांग प्रतिभागी भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीयन करा सकते है। साथ ही समाज के खेल, शिक्षा, राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों में ख्यातिप्राप्त यादव बंधुओं को समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभागियों को कराया योग का अभ्यास, बांटे प्रशस्तिपत्र



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन के बोरियाकला सेंटर में आयोजित 50 दिवसीय निशुल्क योग कक्षा का समापन गुरुवार को किया गया। इस योग कक्षा में कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र वितरित किए गए। योग कक्षा का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और योग के लाभों से अवगत कराना था। इस मौके पर योग कक्षा की प्रशिक्षिका रेणुका वर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के योग आसनों का अभ्यास कराया और उनके शारीरिक व मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि इला राठौड़ ने योग और मेडिटेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को ध्यान का अभ्यास भी करवाया। प्रतिभागियों ने इस प्रकार की कक्षाएं आगे भी जारी रखने की मांग की। केयर स्किल फाउंडेशन ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपना सकें।

### डॉ. अंसारी के गजल संग्रह 'आरजू बस यही' का विमोचन



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी के गजल 'संग्रह आरजू बस यही का विमोचन किया गया। यह विमोचन महाराष्ट्र के नांदेड़ स्थित शंकर राव चव्हाणा स्मृति भवन में विगत दिनों आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर चीन, श्रीलंका और मॉरीशस के प्रसिद्ध प्रवासी साहित्यकारों द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी की मुख्य वक्ता के रूप में मैट्स विश्वविद्यालय के साहित्यकारों डॉ. विवेकमणि त्रिपाठी चीन, डॉ. अनुशा नीलमणि श्रीलंका, डॉ. तनुजा बिहारी के हाथों किया गया।

## पेज 7 के शेष

### मतगणना के लिए ...

चिखलाकसा में निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं नगर पंचायत अर्जुंदा में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में बनाए गए निर्धारित हॉल में मतगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद बालोद के मतगणना हेतु 6 टेबल, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के लिए 14 टेबल, नगर पंचायत गुण्डरदेही, अर्जुंदा, डौण्डी, चिखलाकसा, डौण्डीलोहारा एवं गुरूर के लिए 5–5 टेबल मतगणना हेतु बनाया गया है।

### शत-प्रतिशत मतदान ...

जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंचायत विभाग के उपसंचालक एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# रविवि में एक सप्ताह से पानी नहीं, छात्रों ने कहा-कुलपति सिर्फ देखते हैं, हम मिलकर बनवा लेते हैं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि को विकास कार्य के नाम पर कैंपस में लगे वृक्षों को उखाड़ने से फुरसत नहीं है। गर्मी बढ़ने के साथ ही विद्यार्थी पानी के लिए परेशान होने लगे हैं, लेकिन विवि प्रबंधन का ध्यान इस ओर नहीं है। छात्र मुश्किल से पीने के पानी का बंदोबस्त कर रहे हैं। अधिकतर छात्र अपने साथ स्वयं ही पीने का पानी घर से लेकर आ रहे हैं, लेकिन 6 घंटे तक चलने वाली लंबी कक्षाओं के लिए एक बोतल पानी पर्याप्त नहीं हो पाता।

## कला भवन सहित अन्य अध्ययनशालाओं में पीने के साफ पानी को तरसे छात्र

### शिक्षक भी नहीं पीते यहां का पानी

छात्रों ने हरिभूमि से अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि स्थिति इतनी खराब है कि शिक्षक भी रविवि कैंपस का पानी नहीं पीते हैं। अधिकतर शिक्षक अपने साथ पानी लेकर आते हैं। प्रदेश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय में मूलभूत सुविधा के लिए भी विद्यार्थियों को तरसना पड़ रहा है। वे कई बार इसकी शिकायत कर चुके हैं। अधिकारी और जिम्मेदार आते हैं, लेकिन व्यवस्था दुरस्त करने के स्थान पर सिर्फ देखकर चले जाते हैं। छात्र इस दुविधा में हैं कि वे परीक्षा की तैयारी करें अथवा पानी के लिए आंदोलन करते रहें।



### फॉर्मेसी में भी लंबे समय से थी दिक्कत

ना केवल कला भवन बल्कि रविवि के कई विभागों में पानी की समस्या बनी ही रहती है। वजह, रविवि द्वारा नियमित रूप से वॉटर कूलर का मेंटनेंस नहीं किया जाना है। कला भवन के पूर्व फॉर्मेसी विभाग में भी लंबे समय से यह दिक्कत बनी हुई थी। छात्रों द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने पर बीते माह ही यहां के विभागाध्यक्ष द्वारा इसे सुधारा गया। माहभर से यहां ठंडा और साफ पानी आ रहा है। अन्य विभागों में कहीं पानी ही नहीं आ रहा है तो कहीं गर्म या गंदा पानी आ रहा है।

ऐसे में विद्यार्थी मिनरल वॉटर खरीदकर पी रहे हैं। अन्य अध्ययनशालाओं में कुछ वॉटरकूलर काम भी कर रहे हैं, लेकिन सर्वाधिक दिक्कत कलाभवन में हो रही है। यहां एक भी वॉटरकूलर काम नहीं कर रहा है। इससे आहत विद्यार्थी छात्रों के लिए बनाए गए व्हॉट्सऐप ग्रुप में ही अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। इसमें एक विद्यार्थी ने लिखा, कला भवन में पानी नहीं आ रहा है। आखिर करें तो क्या करें? कुलपति जी अब तक तीन बार देखकर जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। गर्मी का महीना आ गया है। यदि उनसे नहीं हो रहा है, तो हम सभी मिलकर इसे बनवाएंगे।

# सीमेंट के दाम थोक में तीन सौ पार, चिल्हर में साढ़े तीन सौ रुपए

*नान ट्रेड 55 और खुले बाजार का सीमेंट 35 रुपए महंगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल में भी प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने नान ट्रेड और खुले बाजार का सीमेंट 15-15 रुपए और महंगा कर दिया है। ऐसे में नान ट्रेड सीमेंट 55 रुपए और खुले बाजार का सीमेंट 35 रुपए महंगा हो गया है। दरअसल छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां पूरी तरह से बेलगाम हो गई हैं। जब मर्जी होती है सीमेंट की कीमत बढ़ा देती हैं, जब मर्जी होती है कीमत कम कर देती हैं। प्रदेश सरकार ने दाम बढ़ाने से पहले कारण बताते हुए मंजूरी लेने के भी निर्देश दिए हैं, इसके बाद भी कंपनियां सरकार की इजाजत लिए बिना ही दाम बढ़ा दे रही हैं और फिर कम भी कर दे रही हैं। बीते छह माह से यही सब चल रहा है। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी पत्र लिखकर बढ़ी कीमतों को कम कराने की मांग की है, इसके बाद भी कंपनियां लगातार दाम बढ़ाने में लगी हैं।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां सीमेंट के दाम को लेकर खेल कर रही हैं। नवंबर में भी एक बार दाम बढ़ाए गए, इसके बाद हरिभूमि में खबर का प्रकाशन होने के बाद सरकार के एक्शन के डर से दाम कम किए गए। इसके बाद दिसंबर में फिर से खुले बाजार के सीमेंट के दाम जहां 20 रुपए बढ़ाए गए हैं, वहीं सरकारी काम में आने वाले नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 40 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। अब फिर से नए साल में दाम बढ़ा दिए गए हैं। ऐसे में खुले बाजार का सीमेंट जहां थोक में 305 से 320 रुपए हो गया है, वहीं यह चिल्हर में चिल्हर में यह 330 से 350 रुपए में बिक रहा है।



### दाम पर कोई अंकुश नहीं

सीमेंट कंपनियों के दाम बढ़ाने पर प्रदेश सरकार का अंकुश नहीं है। यही वजह है कि कंपनियों की जब मर्जी होती है, दाम बढ़ा देती हैं। बीते साल सितंबर में कंपनियों ने खुले बाजार के साथ ही नान ट्रेड सीमेंट के दाम 50-50 रुपए बढ़ा दिए थे। इसके बाद जहां हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन किया, वहीं चौतरफा राजनीतिक दबाव के बाद अंततः प्रदेश सरकार ने कंपनियों के साथ बैठक की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ बैठक में यह तय किया गया कि कंपनियां बढ़े हुए पूरे दाम वापस लेंगी और भविष्य में दाम बढ़ाने से पहले इसका कारण प्रदेश सरकार को बताते हुए पहले मंजूरी लेंगी।

### दाम कम ज्यादा करने का खेल

सीमेंट कंपनियों ने नवंबर में प्रदेश सरकार से पूछे बिना ही माह से तीसरे सप्ताह में दाम 5 से 15 रुपए तक बढ़ा दिए। इसके बाद जब हरिभूमि में खबर का प्रकाशन किया गया तो सीमेंट कंपनियों में इसको लेकर हड़कंप मचगया कि प्रदेश सरकार उन पर एक्शन ले सकती है। ऐसे में कंपनियों ने धीरे-धीरे करके अंततः बढ़े हुए 15रुपए दाम वापस ले लिए। इसी के साथ कंपनियों ने पहले के बढ़े हुए 50 रुपए के दाम में से जो पांच रुपए बचे थे, उसको भी वापस ले लिया। इसी के साथ नॉन ट्रेड में भी पांच से दस रुपए दाम कम किए गए। इसके बाद दिसंबर में फिर से दाम बढ़ाए गए और अब नए साल में दाम बढ़ा दिए हैं।

# दल्लीराजहरा और चिखलाकसा निकाय चुनाव की मतगणना आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



दल्लीराजहरा और चिखलाकसा नगरीय निकाय चुनाव की मतगणना आज होगी। चंद घंटो बाद यानी कि लगभग 10:00 बजे तक स्पष्ट हो जाएगा की दल्लीराजहरा शहर की सरकार का अध्यक्ष कौन होगा, किसके खाते में अध्यक्ष की सीट जाएगी, किसकी झोली में नगर पालिका अध्यक्ष सीट होगी, लगभग पिछले 20 वर्षों से कांग्रेस का कब्जा रहा है। कहीं उस कब्जे के खेल का समीकरण तो नहीं बिगड़ जाएगा, हालांकि त्रिकोणीय संघर्ष स्थिति बनी हुई है।

सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस के बीच में ही है। दल्लीराजहरा नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी तोरण लाल साहू भाजपा से हैं। वहीं कांग्रेस से रवि जायसवाल मैदान पर उतरे हुए हैं, दोनों के बीच कांटे की टक्कर रही है। अब देखना होगा की शहर का अध्यक्ष, शहर का प्रथम व्यक्ति, शहर की जनता किसको ताज पहनाएगी। वहीं दूसरी ओर चिखलाकसा नगर पंचायत में सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस के बीच में ही है। चिखलाकसा में भी 10:00 बजे तक परिणाम सामने आ जाएगा। प्रदेश में हुए नगरीय निकाय चुनावों के नतीजे 15 फरवरी घोषित किए जा रहे हैं। दल्लीराजहरा और चिखलाकसा में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर देखी जा रही है दल्लीराजहरा और चिखलाकसा के चुनाव परिणाम जल्द ही सामने आएंगे।

## चैंबर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने चैंबर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने चैंबर चुनाव में नवीन मतदान केंद्र बनाने ज्ञापन सौंपा। सदस्यों ने बताया कि चैंबर चुनाव को सुगम बनाने रायपुर जिला, भिलाई जिला, दुर्ग जिला, राजनांदगांव जिला, बिलासपुर जिला, रायगढ़ जिला, सरगुजा जिला, मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी-भरतपुर जिला, महासमुंद जिला, धमतरी जिला एवं दंतेवाड़ा जिला में मतदान करवाने का निर्णय लिया गया था। इस संबंध में चुनावी मार्ग निर्देशिका सहायक चुनाव अधिकारी प्रकाश गोलछा को दे दी गई थी।

# जिपं सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 की प्रत्याशी माया बेलचंदन ने निकाली रैली, मिला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ लोगों का मिल रहा समर्थन





जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी माया बेलचंदन जोरदार प्रचार में जुटीं हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 07 में 20 गांव के लगभग 40 हजार से ऊपर मतदाता है। यही कारण है कि माया बेलचंदन सुबह से ही अपने दल-बल के साथ प्रचार के लिए निकल जातीं हैं। दिनभर में अपने क्षेत्र के गांव में ही प्रचार के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं से भेंट मुलाकात करती हैं। शुक्रवार को इस क्षेत्र में मोटर साइकिल रैली में क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी, चंदखुरी, कोनारी, भरदा,निकुम,तिरगा, झोला, आमटी, विनायकपुर, अंडा, चिंगरी,आदि गांव में अपना प्रचार करते हुए माया बेलचंदन ने ग्रामीणों से कहा कि वे भाजपा की तरफ से अधिकृत उम्मीदवार हैं। भाजपा ने छत्तीसगढ़ बनाया है। भाजपा ही छत्तीसगढ़ को संवारेगी। पूर्व कार्यकाल में उन्होंने अपने क्षेत्र में कई विकास कार्य किया है। उससे गांव-गांव में भाजपा के प्रति ग्रामीणों का विश्वास बढ़ा है। जिला पंचायत के माध्यम से ग्राम विकास की अनेक योजनाओं का लाभ दिलाने वे वचनबद्ध हैं। चुनाव उपरांत आप लोगों का आशीर्वाद मिला तो वे फिर आएंगी और साथ बैठकर सबकी सलाह से विकास कार्य के बारे में निर्णय लेकर काम करेंगी। रैली में मनोज ,हेम लता सुरेश देशमुख , भूपेंद्र साहू,खेम लाल चन्द्राकर ,टिकाराम साहू, घनश्याम दिल्लीवार, जय प्रकाश भारदीय,कामता दिल्लीवार,टुम्मन कोशे,अजीत चन्द्राकर,मुकेश चन्द्राकर,अमीत चन्द्राकर,राकेश चन्द्राकर, योगेन्द्र दिल्लीवार,डा के एल दिल्लीवार, राजेश चन्द्राकर, लक्ष्मण देशमुख,विश्राम दिल्लीवार सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में इस रैली अधिक से अधिक संख्या में शामिल हुए।

# जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 के लिए आशा विक्की मिश्रा को मिल रहा जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ गांव-गांव में पहुंचकर लोगों से कर रहीं संपर्क





पंचायत चुनाव की धमक से गांव में उत्सव जैसा माहौल है। जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के उम्मीदवारों के साथ समर्थकों का हुजूम, फौज फटाकों के साथ नृत्य मंडलियों के झूमते गाते नाचते गांव में प्रवेश करने से मतदाता बाहर निकल कर प्रत्याशियों से मेल मुलाकात करने लगते हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 की कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी आशा विक्की मिश्रा इन दिनों अपने प्रचार में गांव-गांव पहुंच रही हैं, उनको जनसमर्थन भी मिल रहा है। पूर्व में विक्की मिश्रा अपने क्षेत्र के जनपद सदस्य रहें हैं। इस चुनाव में उन्होंने पत्नी श्रीमती आशा मिश्रा को जिला पंचायत सदस्य बनने जी जान लगाकर चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

आज वह अपने क्षेत्र के कोलिहापुरी, पिसेगांव, चंदखुरी, कोनारी, कुथरेल, भरदा, अछोटी, चिंगरी, अंडा, विनायकपुर, आमटी, माशाभाट, निकुम, आलबरस, तिरगा, झोला, भोथली, खाड़ा ,रूदा अंडा गांव में प्रचार में लगीं रहीं। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि वह जिला पंचायत सदस्य के रूप में आपके हर दुख सुख में हमेशा खड़ी रहेंगी। अगर आप लोगों का साथ और सहयोग मिल जाएगा तो विश्वास दिलाती हूं कि जिला पंचायत में शासन की सभी योजनाओं पर काम करना होता है। इसकी सदस्य बनकर क्षेत्र क्रमांक 7 में विकास कार्यों के क्रियान्वयन में पूरी ताकत लगा दूंगी। ताकि हमारा क्षेत्र विकास की गति में सबसे आगे रहेगा। मुझे आप लोगों के आशीर्वाद की पूरी अपेक्षा है कि आप मुझे सहयोग करेंगे। वहीं कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों का दावा है कि उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस प्रत्याशियों ने पूर्व की सरकार और उनके विधायकों के कराए गए विकास कार्यों के आधार पर जनता के बीच जाने की बात कही है।

कांग्रेस प्रत्याशियों का दावा है कि वे बड़ी संख्या में वोट हासिल कर जीतेंगी। इस अवसर पर छ.ग.श्रम विभाग कल्याण के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्राकर टिकेश्वरी लाल देशमुख, ज्ञानेश्वर विक्की मिश्रा,बाबू लाल देशमुख,नन्द कुमार साहू, घसिया राम देशमुख, दिपनारायण यादव,तारा शर्मा,हुल्ली बाई साहू, रूपेश देशमुख, आशा देशमुख, तारकेश्वर चन्द्राकर,मीना बंजारे, पुकेश चन्द्राकर,लोकनाथ साहू, दिपिका चन्द्राकर, मनोज चन्द्राकर, विजय साहू, चन्द्र भान बंजारे, जागेश्वर देशलहरे, संतोष खुटेल सहित बड़ी सख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गांव में जीत हासिल करने प्रचार कर रहे हैं।

# ग्रामीण ने की जिपं सदस्य पद के प्रत्याशी की शिकायत

**डौंडीलोहारा।** ग्राम खोलझर निवासी बिसनाथ सिंह गोटा ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक के प्रत्याशी द्वारा उनकी अनुमति के बगैर अपने प्रचार सामग्री में फोटो लगाने का विरोध किया है। इसकी शिकायत बिसनाथ सिंह ने उच्च स्तर पर की है।

लिखित शिकायत पत्र में कहा कि मैं बिसनाथ सिंह गोटा ग्राम खोलझर, तहसील डौण्डीलोहारा का निवासी हूं और मैं गॉड समाज डौण्डीलोहारा ब्लाक का संयोजक एवं सर्व अदिवासी समाज का सदस्य हूं। मेरे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक से एक व्यक्ति जिला पंचायत सदस्य पद का प्रत्याशी है, जिससे मेरी उनके साथ किसी प्रकार की व्यक्तिगत पहचान नहीं है न ही मेरा मेल मिलाप है, परंतु उक्त प्रत्याशी द्वारा प्रचार सामाग्री में पोस्टर, पांपलेट में मेरी फोटो का उपयोग मेरे बगैर अनुमति के किया जा रहा है, जबकि मैं उक्त प्रत्याशी का किसी प्रकार से कोई समर्थन नहीं करता हूं। मेरी फोटो का उपयोग करने से मेरी व्यक्तिगत छवि बिगड़ रही है और मुझे सामाजिक स्तर पर निराशा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उक्त प्रत्याशी के विरूद्ध कार्रवाई कर मेरे फोटो व मेरे नाम के प्रयोग को रोकने का आदेश देने की मांग की है।

# महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई जेल में बंद आरोपियों से लगातार कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जेल में बंद आरोपियों के अलावा जमानत पर छूटे लोगों के साथ केस से जुड़े पुलिसकर्मियों से पूछताछ



महादेव सट्टा एप मामले की जांच सीबीआई के सुपुर्द किए जाने के बाद सीबीआई के अफसरों ने मामले की जांच तेज कर दी है। सट्टा एप के आरोप में जेल में बंद आरोपियों से सीबीआई के अफसर लगातार 12 वें दिन पूछताछ करने पहुंचे। इसके अलावा महादेव सट्टा एप में जेल से जमानत पर छूटे लोगों को भी सीबीआई के अफसर नोटिस जारी कर पूछताछ करने ऑफिस तलब कर रहे हैं। सीबीआई के अफसर 15 फरवरी तक जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करेंगे। सीबीआई के अफसर जेल में बंद अब तक 14 आरोपियों से पूछताछ कर चुके हैं। महादेव सट्टा एप मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में डेढ़ दर्जन के करीब आरोपी बंद हैं। सीबीआई के अफसर जेल में बंद आरोपियों से महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों के साथ ही किन-किन लोगों को कमीशन पहुंचाया जाता था, उस संबंध में पूछताछ कर रहे हैं। इसके साथ ही सट्टे की रकम का ट्रांजेक्शन म्यूल अकाउंट के अलावा और किस तरह से किया जाता था, इसे लेकर सीबीआई के अफसर आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं।

### *जांच में शामिल पुलिस अफसरों से पूछताछ*

*महादेव सट्टा एप के लेकर पूर्व में अलग-अलग थानों में दर्ज प्रकरण की जांच में शामिल अफसरों से भी सीबीआई के अफसर पूछताछ कर रहे हैं। इसके साथ ही जिन पुलिस अफसर तथा कर्मियों के महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों को प्रश्रय देने के आरोप हैं, उनसे भी सीबीआई के अफसर पूछताछ कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई के अफसरों ने दम्मानी बंधुओं से भी पूछताछ की है। साथ ही अन्य लोगों से पूछताछ की है।*

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नेवरीकला में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 16 को

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में नव ज्योति क्लब, नवयुवक मंडल कबड्डी दल द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 16 फरवरी को किया गया है। जिसमे प्रथम पुरस्कार 4001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपए रखा गया है। साथ ही आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। जिसमें समिति टोमेश सोनकर, रूपेश ठाकुर, डोमेन्द्र तुमरेकी, विकास निशाद, निखिल साहू, हेमराज सोनकर, शोभा सुरेश, गोदावरी बक्शी, प्रकाशचंद नाहर, प्रवीण निर्मलकर सहित ग्रामीणों का सहयोग रहेगा।

### कवरेज के लिए मीडिया प्रतिनिधियों को दिशा-निर्देश जारी

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान एवं मतगणना स्थल में कव्हरेज के लिए मीडिया प्रतिनिधियों को दिशा–निर्देश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार मतदान केन्द्र एवं मतगणना स्थल में कव्हरेज हेतु मीडिया के प्रतिनिधियों को मतदान केन्द्र एवं मतगणना स्थल पर सीमित प्रवेश की अनुमति होगी। मतदान केन्द्र के समक्ष बाहर लाइन में मतदान के लिए प्रतीक्षारत खड़े मतदाताओं की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी की जा सकेगी। किसी भी स्थिति में मतदान केन्द्र में मतदान प्रकोष्ठ के भीतर किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी प्रतिबंधित है। किसी भी स्थिति में लगातार वीडियोग्रॉफी नहीं की जा सकेगी। मतदान केन्द्र एवं मतगणना कक्ष में प्रवेश हेतु रिटर्निंग ऑफिसर, पीठासीन अधिकारी किसी भी मीडियाकर्मी को प्रवेश करने से रोक सकेंगे। मतगणना स्थल पर वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी रिटर्निंग ऑफिसर के देखरेख में पर्याप्त दूरी से की जा सकेगी। किसी भी स्थिति में मतपत्रों की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी नहीं की जा सकेगी।

### पुलिस की गिरफ्त में 15 जुआरी



**बालोद।** चुनावी माहौल में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 15 जुआरियों को हिरासत में लिया है, वहीं मौके से कुल 80,400 जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) के तहत मामला की दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गुण्डरदेही के थाना प्रभारी मनीष शेंडे ने जानकारी दी कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम पिनकापार में जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने गांव की सोसाइटी के पीछे नहर नाली के आगे खेत में त्रिपाल के नीचे बैठे लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथों हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों मे तुषार बंसाली, भूपत राम साहू, ईश्वर लाल साहू, पुखराज सतनामी, नीलेश कुमार गात्रे, रोहित कुमार मारकंडे, परमानंद डहरे, संतोष कुमार साहू, त्रिभुवन साहू, हरिराम सोनकर, विनोद सोनकर, पी. लक्ष्मण राव, टेकुराम साहू, सुरेंद्र कुमार मोटवानी, बृजभान शोरी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## आयोजन : सशिमं में माता-पिता वंदन समारोह और हुईं खेल प्रतियोगिताएं

# बच्चे होनहार बनें और माता-पिता, गुरु के चरणों में गौरवमय इतिहास की रचना कर समर्पित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

माता पिता वंदन समारोह का आयोजन शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर डॉ. हेडगेवार सदन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समारोह के प्रारंभ में गायत्री परिजन डीडी मानिकपुरी एवं अश्वनी कुमार साहू के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू सहित उपस्थित पालक, माता पिता और विद्यालय परिवार ने आहुतियां डाली। तत्पश्चात प्रतिभागी माता पिता ने कुर्सी दौड़, डिस्पोजल जमाओ, फुग्गा फोड़ो, बास्केट बॉल, मोमबत्ती जलाओ, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में जमकर भाग लिए। प्रतिभाशाली प्रतिभागी माता पिता को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विजेता के अलावा सभी प्रतिभागी माता पिता को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। माता पिता वंदन समारोह के अतिथि मंच पर प्रतियोगिताओं में प्रथम आई माता दिव्या टंडन, रानी चंद्राकर, योगेश्वरी सिन्हा, सरिता साहू, दिव्या भारती सरिता यादव मंचासीन रहीं। उपस्थित माता- पिता का संतानों ने चंदन तिलक लगाकर पुष्प चढ़ाकर चरण वंदन कर पूजा किए। संचालन व्यवस्था प्रधानाचार्य दिव्या चंद्राकर एवं आभार प्राचार्य पीएल बारले ने किया।

### विजेता पुरस्कृत, प्रतिभागियों को दिया गया सांत्वना पुरस्कार





### इन माता-पिता को मिला पुरस्कार

प्रतियोगिता फुग्गा फोड़ो में रानी चंद्राकर प्रथम, पद्मिनी द्वितीय, कुर्सी दौड़ में दिव्या टंडन प्रथम, देवकी द्वितीय, डिस्पोजल जमाओ योगेश्वरी सिन्हा प्रथम, भोपिका साहू द्वितीय रही। बास्केट बॉल में सरिता साहू प्रथम, मोमबत्ती जलाओ में दिव्या भारती को प्रथम मंजू बंजारे द्वितीय, बिंदी लगाओ में सरिता यादव प्रथम संतोषी नायक द्वितीय स्थान पर पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किए गए। सांत्वना पुरस्कार माता गायत्री साहू, काजल चंद्राकर, कीर्ति साहू, प्रभा साहू, उमेश्वरी सेन, नेहा चंद्राकर, पद्मनी श्रीवास, उमा साहू, संतोषी वर्मा और मनीष चंद्राकर को प्रदान किया गया।



### माता-पिता बच्चों के रोल मॉडल बने

अतिथि माता योगेश्वरी सिन्हा ने कहा कि माता- पिता बच्चों के रोल मॉडल बने । बच्चों को होनहार बनाना है तो स्वयं अपनी दिनचर्या, आचार- व्यवहार को अच्छा बना लें। बच्चे आपको देखकर ज्यादा सीखते हैं। माता रानी चंद्राकर ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर हमारे बच्चों को संवारने के लिए सर्वांगीण विकास का प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रहा है। लेकिन माता पिता की कितनी भूमिका बच्चों के हित में इसे स्वयं परखे। माता कीर्ति साहू ने कविता के माध्यम से अपनी बात रखी। पाल बंजारे ने संस्कारित शिक्षा की महत्ता पर व्यापक प्रकाश डाले, नेहा चंद्राकर ने भी प्रेरक संदेश अभिव्यक्त किए। माता पिता की सामूहिक वंदन गीत विद्यालय के आचार्य दीदीयों ने सामूहिक प्रस्तुति देकर किया।

### माता-पिता व गुरु लालन-पालन और संरक्षण प्रदान करते हैं

अतिथि मंच से दिव्या टंडन ने कहा कि माता- पिता धरती के भगवान है जो संतान को ब्रह्मा, विष्णु, महेश की भूमिका निभाते हुए जन्म देते हैं। लालन पालन और संरक्षण प्रदान करते हैं। भारत में जन्म लेने वाले संतान बड़े सौभाग्यशाली है जिन्हें माता पिता का भरपूर प्यार, मार्गदर्शन, आशीर्वाद मिलता है। संतान इस गुर रहस्य को समझे और होनहार बने माता पिता, गुरु के चरणों में गौरवमय इतिहास की रचना कर समर्पित करें। उन्होंने कहा कि बड़े सौभाग्य की बात है कि इस एरिया में संस्कारित शिक्षा के लिए न्यूनतम शुल्क में सुविधा युक्त सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर की 34 वर्षों से सतत सेवा मिल रही है। सब लाभ उठाएं अपने बच्चों को संस्कारित शिक्षा देकर होनहार भविष्य बनाए।

# पंचायत चुनाव के परिणाम पर अटकलें तेज आज जारी होंगे चुनावों का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडीनगर

गांव के पंचायत चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के बीच कड़ी टक्कर है, वहीं निर्दलीय उम्मीदवार भी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। यह कहा जा सकता है कि जो पार्टी या उम्मीदवार मतदाताओं की उम्मीदों पर खरा उतरेगा, उसे जीत मिलेगी।

इस चुनाव को लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को शनिवार की सुबह का बेसब्री से इंतजार है। क्योंकि उम्मीदवारों के भाग्य का शनिवार को होना है। चुनाव परिणाम जल्द घोषित करने के लिए केंद्र पर मतगणना एक साथ प्रातः आठ बजे से शुरू होगी। इसके लिए प्रशासन ने माकूल इंतजाम किए हैं। अध्यक्ष सीट का ताज किसके सर पर होगा, कांग्रेस पर केसरिया कितना भारी पड़ेगा, इन सवालों को लेकर जीत-हार के दावे करने वाले बाजीगरों को चुनाव के परिणाम किसी को मालामाल तो किसी को कंगाल कर जाएंगे।

चौथे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद से ही परिणाम को लेकर अटकलों का बाजार ना सिर्फ गर्म है बल्कि हार जीत के दावे कर दिन ब दिन सट्टा बाजार भी गरमा गया है, ऐसे दर्जनों सट्टेबाजों की नजर अब चुनाव परिणाम पर है। कल मतगणना के बाद, यह तय हो जाएगा कि कांग्रेस, भाजपा या निर्दलीय किसके सर पे ताज होगा।

### दिनभर चलता रहा कयासों का दौर

शनिवार को जीत-हार चाहे जिसकी हो, लेकिन शुक्रवार को दिनभर इसे लेकर कयासों का दौर जारी रहा। कोई अपने चहेते अध्यक्ष, पार्षद की जीत के दावे करता नजर आया, तो कोई भावी अध्यक्ष के बारे में तर्क देता रहा। इसकी चर्चा नगरीय क्षेत्र की हर गलियों व चौराहों पर रही। वहीं चुनाव मैदान में बेहतर स्थिति का आंकलन करने वाले प्रत्याशी भी समर्थकों की भीड़ में अपनी जीत को सुनिश्चित मानने के दावे करते दिखे। अब देखना है कि शनिवार की सूरज किसके लिए खुशियों की सौगात लेकर आता है।

# पति की आज्ञा बगैर कोई कार्य न करें महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम दुपचेरा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन कथा वाचन श्री रामकिंकर महाराज ने

- भागवत कथा में सुनाई गई कपिल अवतार और ध्रुव चरित्र सृष्टि की रचना

कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र सृष्टि की रचना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, मनुष्य जीवन आदमी को बार–बार नहीं मिलता, इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है।

मनुष्य जीवन का महत्व समझते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रुप में लिया। उन्होंने बताया कि किसी भी काम को करने के लिए मन में विश्वास होना चाहिए, तो कभी भी जीवन में असफल नहीं होंगे। जीवन को सफल बनाने के लिए कथा श्रवण करने से जन्मों का पाप कट जाता है। ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि ध्रुव भगवान ने साढ़े चार साल की उम्र में भगवान की भक्ति कर भगवान के साक्षात दर्शन कर अमर पद प्राप्त किया। भगवान कपिल ने अपनी अपनी मां को सांख्यिकी शास्त्र का उपदेश दिया था। सती माता का वर्णन करते हुए कहा कि सती माता अपने पति की आज्ञा का उल्लंघन करते हुए अपने पिता के घर यज्ञ में शामिल होने चली गई। जहां अपने पति का आसन नहीं देखकर अपना अपमान समझते हुए क्रोधित हो गई। जिसने अपने पिता को यज्ञ को सफल नहीं होने का श्राप देते हुए यज्ञ में कूदकर सती हो गई। उन्होंने कथा के दौरान महिलाओं को संदेश दिया कि अपने पति की आज्ञा के बिना कोई ऐसा काम नहीं करें। जिससे की घर परिवार में गृह क्लेश हो। पति को परमेश्वर सास–ससुर अपने माता–पिता समझकर सेवा करनी चाहिए।






# मतगणना अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीनगर

नगर पंचायत के सांस्कृतिक भवन डौंडी में 11 फरवरी को संपन्न हुए चुनाव के बाद मतगणना के लिए मतगणना अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

आयोजन में रिटर्निंग ऑफिसर रामकुमार सोनकर एसडीएम, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डिप्टी कलेक्टर आशीष कुमार और सीएमओ संतोष देवांगन डोडी की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर संजय बंजारे ,चमन कोठारी, एवं आशीष देवांगन ने अधिकारियों को मतगणना के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया और उन्हें मॉक ड्रिल के जरिए मतगणना के लिए प्रशिक्षित किया। मामले में रिटर्निंग ऑफिसर रामकुमार सोनकर ने बताया कि मतगणना के इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए जिनकी मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक अधिकारी के रूप में नियुक्त हुईं हैं, वो पांच टेबल में पृथक पृथक बैठाए जाएंगे। इन प्रत्येक टेबल में तीन तीन राउंड के माध्यम से परिणाम प्राप्त होंगे। पार्षद के निर्वाचन के लिए प्रथम राउंड में एक से लेकर 5 वार्ड तक के पार्षद के परिणाम आएंगे। इसी प्रकार द्वितीय राउंड में 6,7 और 10नंबर वार्ड के पार्षद, तृतीय राउंड में 11 से लेकर 15 वार्ड के पार्षदों के परिणाम आएंगे। आपको बता दें की वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 के पार्षदों का निर्वाचन निर्विरोध हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष के परिणाम इसी तरह से वार्डवार प्राप्त होते जाएंगे। जिनके रुझानों का लेखन बोर्ड के माध्यम से बाहर आख्यापन होता जाएगा।

साथ ही माइक के जरिए भी अनाउंस होता रहेगा। संपूर्ण राउंड के उपरांत नगर पंचायत के अध्यक्ष का परिणाम प्राप्त होगा। जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल ने मतगणना के संबंध में स्ट्रांग रूम एवं सभी व्यवस्थाओं का एवं तैयारी का जायजा लिया, मतगणना की तैयारियों से संतुष्ट होने के बाद कलेक्टर ने पंचायत निर्वाचन के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम में सामग्रियों और पंचायत चुनाव की तैयारी के संबंध में जायजा लिया।





# रामायण सम्मेलन में शामिल हुए महात्यागी

**गुण्डरदेही।** मां कौशल्या धाम के राम बालकदास महात्यागी एक दिवसीय मंदिर प्रचार यात्रा पर ग्राम नवागांव डुंडेरा पहुंचे थे। जहां पर दो दिवसीय भव्य रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है।



मंच से उन्होंने मां कौशल्या धाम में निर्माणधिन ऐतिहासिक पांचवें धाम के पूर्णता हेतु संकल्प दान के परिप्रेक्ष्य में अपनी बात रखी।उन्होंने कहा की अयोध्या में श्री राम लला की भव्य स्थापना के बाद अब पाटेश्वर धाम की बारी है। मंच से आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा में छत्तीसगढ़ के 7000 गांव तक 2026 के पहले पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, मंदिर निर्माण के दिव्य संकल्प से जुड़ने का उन्होंने आह्वान किया। ग्राम नवागांव से कल लगभग एक लाख की राशि का संकल्प किया गया। मां कौशल्या दूत के रूप में राम कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए मां कौशल्या धाम से जुड़ने के लिए दान संकल्प के लिए प्रेरित किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष हुमन सिंहा के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में गांव के प्रमुख भागवत राम साहू, रेवाराम सिन्हा, साधुराम सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, मनोज साहू, भागवत दयाल साहू, लीना साहू, धर्मदास साहू, रूपेंद्र सिन्हा, भगवती सिन्हा और गांव वाले उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालक साहित्यकार केशवराम साहू ने किया।

# मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे जिपं सीईओ



**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने शुक्रवार को गुण्डरदेही विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत बनाए गए मतदान केन्द्रों के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अंतर्गत उन्होंने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदूर, अर्जुन्दा, अर्जुनी–टिकरी ग्राम पंचायत के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुंचकर फर्निचर, बिजली, रैम्प, पंखा, शौचालय, मतदान केन्द्रों का दीवार लेखन, छांव एवं पानी की उपलब्धता आदि का जायजा लिया।

मौके पर उपस्थित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत के सचिवों को मतदान केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किए। जिससे कि मतदान केन्द्र में मतदाताओं एवं मतदान अधिकारियों किसी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

online Booking:-www.tripuryatra.com




रामेश्वरम् धाम यात्रा

25 मार्च से 03 अप्रैल , 08 अप्रैल से 17 अप्रैल ,06 मई से 15 मई , 20 मई से 29 मई , 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)

11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है

नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।

1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।



संपर्क करें- 7837411411

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक / युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता

Resume Whatsapp करें
8319268069, 9425565082
7489534456

हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव